# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

**Chaudhary Charan Singh University, Meerut**

पत्रांक : परीक्षा/ 5265

## विज्ञप्ति

वैश्विक महामारी कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुये विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों में वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित समस्त पारम्परिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के छात्रों को बैक पेपर/भूतपूर्व छात्र/श्रेणी उन्नयन का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

सन्दर्भित पाठ्यक्रमों के समस्त छात्र/छात्राओं की विशेष परीक्षा के परीक्षा फार्म माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी द्वारा निम्नांकित तिथि के अनुसार ऑन लाईन भरवाये जायेंगे :–

<u>ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने की तिथियाँ निम्नानुसार हैं –</u>

| | | |
|---|---|---|
| 01. | छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने एवं ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रारम्भिक तिथि | **02.09.2021** |
| 02. | छात्र/छात्राओं द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने तथा ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | **20.09.2021** |
| 03. | समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित परिपूर्ण परीक्षा फार्म सम्बन्धित महाविद्यालयों में जमा कराने एवं सत्यापन कराये जाने की अन्तिम तिथि | **25.09.2021** |
| 04. | महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि | **27.09.2021** |

<u>महत्त्वपूर्ण निर्देश</u> :–

1. ऐसे वार्षिक पाठ्यक्रम जिनकी बैक पेपर परीक्षा पूर्व में आयोजित करायी जा चुकी है, के छात्र इस परीक्षा हेतु अर्ह नहीं हैं क्योंकि विश्वविद्यालय नियमानुसार री–बैक अनुमन्य नहीं है।
2. ऐसे छात्र जिन्होंने सत्र 2020-21 मुख्य परीक्षा के साथ बैक/भूतपूर्व छात्र परीक्षा फार्म भरा था, किन्तु परीक्षायें आयोजित नहीं करवायी गयीं को दोबारा परीक्षा फार्म भरना होगा किन्तु उन्हें परीक्षा फार्म शुल्क से छूट प्रदान की जाती है।
3. स्नातक एवं परास्नातक स्तर के ऐसे छात्र जो वर्ष–2020 के पश्चात कालबाधित श्रेणी में आ गये हैं को एतद्द्वारा कालबाधित शुल्क से छूट प्रदान की जाती है। उक्त छात्रों को सामान्य परीक्षा शुल्क के साथ परीक्षा में सम्मिलित कराया जायेगा।
4. समस्त अर्ह छात्र/छात्रायें श्रेणी सुधार/एकल विषय/श्रेणी उन्नयन/बैक पेपर परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म भरे जाने से पूर्व विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर उपलब्ध समस्त सम्बन्धित नियमों/प्रवेश नियमावली/विषय कोड पुस्तिका का भली–भाँति अध्ययन करने के पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।
5. कोई भी अभ्यर्थी नेट/स्लैट/एम0फिल0/पी–एच0डी0 उपाधि धारण करने के उपरान्त केवल दस वर्ष के भीतर स्नातक अथवा परास्नातक स्तर पर किसी भी एक वर्ष की सम्पूर्ण परीक्षा में वर्तमान पाठ्यक्रमानुसार श्रेणी उन्नयन (**Division Improvement**) परीक्षा हेतु केवल एक अवसर के लिये अर्ह होगा। उक्त परीक्षा के पश्चात किसी भी बैक पेपर/भूतपूर्व परीक्षा में छात्र सम्मिलित नहीं हो पायेगा।
6. व्यक्तिगत स्तर पर अन्य महत्वपूर्ण निर्देशों/एकल विषय/श्रेणी उन्नयन (**Division Improvement**) हेतु विश्वविद्यालय वेबसाईट पर आवश्यक नियम उपलब्ध हैं।
7. विश्वविद्यालय नियमानुसार कोई भी अभ्यर्थी एक साथ दो वर्षों के परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह नहीं होगा।
8. किसी भी कक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को अगली कक्षा में परीक्षा फार्म भरने की अनुमति नही है अन्यथा की स्थिति में वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

परीक्षा नियंत्रक

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित</u> :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण में अर्हता का अच्छी तरह परीक्षण कर लिया जायें कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं।
02. सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वयैक्तिक सहायक, प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति जी के सूचनार्थ।
04. वयैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को, वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
05. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. वयैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।

क्रमशः.........2

02/09/21

CS Scanned with CamScanner

07. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. सहा0 कुलसचिव / उप कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय / लेखा)।
09. प्रभारी–कमैटी सेल / अति गोपनीय विभाग।
10. कार्यालय अधीक्षक (गोपनीय)।
11. समस्त प्रभारी / पटल सहायक–परीक्षा विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
12. प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र / विश्वविद्यालय वेबसाईट।
13. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
14. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपर्युक्त निर्देशों तथा विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर निर्गत समस्त नियमों / अर्हता के अनुरूप ही विशेष परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म भरवाया जाना सुनिश्चित करें।
15. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए, छात्र हित में, निशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
16. विश्वविद्यालय पूछताछ–केन्द्र / सूचना पट।

07/09/17

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

CS Scanned with CamScanner